# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार

**1910 बुधवार** **07.08.2024**

मुख्य समाचारः–

1– पीएससी भर्ती में कथित गड़बड़ी की जांच कर रही सीबीआई ने आज प्रदेश के कई स्थानों पर दी दबिश।

2– राज्य मंत्रिमंडल की आज हुई बैठक में गुरू घासीदास–तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व बनाने का लिया गया निर्णय।

3– हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में आज राज्यपाल और मुख्यमंत्री की उपस्थिति में अड़सठ विद्यार्थियों को शोध उपाधि और अड़तालीस विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

4– मौसम विभाग ने कल उत्तर छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की दी चेतावनी।

पीएससी घोटाला–सीबीआई छापा

राज्य लोक सेवा आयोग–पीएससी की भर्तियों में हुई कथित गड़बड़ी की जांच कर रही सीबीआई ने आज रायपुर, भिलाई, दुर्ग, बिलासपुर और कुरुद सहित प्रदेश के कई स्थानों पर एक साथ दबिश दी। सीबीआई जिन लोगों के ठिकानों पर जांच कर रही है, उनमें पूर्व आईएएस, पुलिस अधिकारी और नेता शामिल हैं। सीबीआई ने आज सुबह राज्यपाल के पूर्व सचिव आईएएस अमृत खलको, पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला के निवास पर पहुंचकर छापे की कार्रवाई शुरू की। प्रदेश में कुल सोलह स्थानों पर सीबीआई की जांच अब भी चल रही है।

सीबीआई की कार्रवाई पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इस कार्रवाई से प्रदेश के युवाओं को न्याय मिलेगा।

मंत्रिपरिषद–बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने गुरू घासीदास–तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व बनाने का निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद द्वारा मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में स्थित गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान तथा तमोर पिंगला अभयारण्य क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए लगभग उनतीस सौ वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में गुरू घासीदास–तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व अधिसूचित करने का निर्णय लिया गया है। श्री साव ने बताया कि टाईगर रिजर्व के गठन से राज्य में ईको–पर्यटन का विकास होगा। साथ ही कोर और बफर क्षेत्र में स्थित ग्रामीणों के लिए गाईड, पर्यटक वाहन और रिसार्ट संचालन के साथ ही विभिन्न प्रकार के रोजगार सृजित होंगे।

राज्यपाल–बैठक

राज्यपाल रमेन डेका ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रत्येक नागरिक से प्रयास करने की अपील की है।
श्री डेका ने आज राजभवन में कार्यरत् अधिकारियों–कर्मचारियों की बैठक ली।
उन्होंने कहा कि ऊर्जा की बचत के लिए सभी को प्रयास करना होगा। इसके अलावा प्लास्टिक प्रदूषण से बचने के लिए पानी की बोतलों का यथासंभव कम उपयोग करना चाहिए। साथ ही अपने आसपास के वातावरण में स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत सभी को पेड़ लगाना चाहिए और अन्य लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों में भर्ती के लिए विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया जाए। राज्यपाल ने नारायणपुर जिले में माओवादियों से लड़कर अपने पिता की जान बचाने वाली साहसी बालिका को राजभवन में बुलाकर सम्मानित करने के निर्देश दिए।

दीक्षांत समारोह

दुर्ग के हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह आज संपन्न हुआ। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस दीक्षांत समारोह में अड़सठ विद्यार्थियों को शोध उपाधि और अड़तालीस विद्यार्थियों को प्रावीण्य सूची में प्रथम आने पर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इस अवसर पर संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, विश्वविद्यालय की कुलपति अरुणा पलटा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कृषि विवि–अनुबंध

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सभी कृषि प्रदर्शन प्रक्षेत्रों में अब भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तय कृषि पद्धतियों का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में कृषि विश्वविद्यालय और भारतीय मानक ब्यूरो के बीच एक अनुबंध किया गया है। अनुबंध पत्र पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल और भारतीय मानक ब्यूरो के उपमहानिदेशक दिव्येंदु चक्रवर्ती ने हस्ताक्षर किए। अनुबंध के तहत भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा कृषि विश्वविद्यालय में अनुसंधान करने वाले शोधार्थियों को मानक अनुसंधान क्रियाओं का प्रयोग करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

भाजपा–आमजन मुलाकात

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया है कि रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय के सहायता केंद्र में राज्य सरकार के मंत्री और संगठन पदाधिकारी आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। कल आठ अगस्त को वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक लोगों की समस्याएं सुनेंगे। वहीं, नौ अगस्त को महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े जनसमस्याओं का निराकरण करने प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगी।

पालक–शिक्षक मीटिंग

प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नई शिक्षा नीति के संबंध में पालकों को जानकारी देने के उद्देश्य से राज्य में मेगा पालक–शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने बताया कि अब तक साढ़े पांच हजार संकुलों में पालक–शिक्षकों की मीटिंग हो चुकी है। इसमें साढ़े सात लाख से अधिक पालक–शिक्षक शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पढ़ाई–लिखाई और स्कूली गतिविधियों में शिक्षकों के साथ पालकों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि चालू शैक्षणिक सत्र में तिमाही और अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के बाद फिर पालक–शिक्षक बैठक आयोजित करने की योजना है।

पालक–शिक्षक मीटिंग के बाद 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत स्कूलों में दो लाख से अधिक पौधों का रोपण पालक और शिक्षकों द्वारा किया गया है।

कोचिंग सेंटर–जांच

दिल्ली में कोचिंग सेंटर में हुए हादसे के बाद जांजगीर–चांपा जिले में एसडीएम ममता यादव के नेतृत्व में कोचिंग संस्थानों की जांच की गई। जांच टीम में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीएमओ और टीआई शामिल थे। जांच के दौरान बेसमेंट पर संचालित एक कोचिंग सेंटर को सील किया गया। एसडीएम ने कहा कि कोचिंग सेंटरों की लगातार जांच की जाएगी।

श्रम मंत्री–जांजगीर

जांजगीर के दौरे पर पहुंचे श्रम और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में ग्यारह अगस्त से शुरू होने वाली तिरंगा यात्रा की जानकारी दी। मीडिया से बात करते हुए श्री देवांगन ने कहा कि इस यात्रा के तहत हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा।

रामविचार नेताम–केंद्रीय मंत्री मुलाकात

आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात की। बैठक में श्री नेताम ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि सरगुजा संभाग के आसपास हाथियों की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में फसलें बर्बाद हो रही हैं और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा पर भी खतरा बना रहता है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने हाथी विचरण वाले गांवों में सोलर लाइट की सुविधा प्रदान करने की आग्रह किया। साथ ही वर्टिकल सोलर फेंस स्थापित करने की मांग की। श्री नेताम ने केंद्रीय मंत्री से हाथी मित्र दलों के लिए आर्थिक सहायता दिए जाने का भी आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने श्री नेताम को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

हाथी विचरण

कोरबा जिले में मौजूद हाथियों के दल से बिछड़कर एक हाथी जांजगीर–चांपा जिले के छाता जंगल पहुंच गया है। इसके बाद स्थानीय लोगों में दहशत है। छाता जंगल में हाथी की आमद के बाद वन अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। वन अमला हाथी के विचरण पर लगातार निगरानी रख रहा है। इलाके में हाथी के विचरण को देखते हुए आसपास क्षेत्र के गांवों की बिजली बंद कर दी गई है, ताकि हाथी को करंट से कोई नुकसान ना हो।

मौसम

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से उत्तर छत्तीसगढ़ रहेगा। मौसम विभाग ने नौ अगस्त के बाद प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में कमी आने की संभावना जताई है।

आने वाले चौबीस घंटों के लिए मौसम विभाग ने बीजापुर जिले के लिए रेड अलर्ट और कोरबा, बालोद, राजनांदगांव, दंतेवाड़ा सहित आठ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, बिलासपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार सहित तेरह जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

इस बीच, जांजगीर–चांपा में कल से हो रही लगातार बारिश के कारण नदी–नालो का जलस्तर बढ़ गया है। जमड़ी नाला में पानी चार फीट ऊपर से बह रहा है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन बाधित है।

संक्षिप्त समाचार

– भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा और कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को प्रभारी नियुक्त किया है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में कल आठ अगस्त को सुबह ग्यारह से दोपहर एक बजे तक जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

– रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में बी.टेक. कृषि अभियांत्रिकी और बी.टेक. खाद्य प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। फॉर्म भरने की प्रक्रिया सहित सभी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने इसी शिक्षा सत्र में भगवद् गीता पर दो वर्षीय मास्टर डिग्री का कोर्स शुरू किया है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि चौदह अगस्त निर्धारित की गई है।

– बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत मोहतरा की सरपंच ईश्वरी साहू को चौदहवें और पंद्रहवें वित्त की राशि का दुरूपयोग करने की शिकायत पर हटा दिया गया है। ईश्वरी साहू पर यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ पंचयती राज अधिनियम के तहत की गई है।

– एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रायगढ़ के पटवारी हरिशंकर राठिया को कब्जा प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के तहत उन्नीस अगस्त तक बहत्तर ट्रेनों को रद्द किए जाने से नाराज गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्टेशन प्रबंधक और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>